आज दिनांक 11 अप्रैल 2017 को अग्रवाल महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में एन० आइ० आइ० टी० के सहयोग से एक दिवसीय जॉब फेयर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी की प्रेरणा से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु समय-समय पर महाविद्यालय में अनेकानेक कंपनियों को आमंत्रित किया जाता है। प्लेसमेंट सेल की संयोजिका डॉ० शिल्पा गोयल ने मैनपावर फॉर आर० बी० एस०, आइ० एफ० बी० आइ० (एन० आइ० आइ० टी०), एओएन हेविट, डिजिटल मिशन, ए० जे० कॉरपरेट सर्विस, एक्सोटिका एवं बजाज कैपिटल लिमिटेड इन छह कम्पिनियों को इस जॉब फेयर में आमंत्रित किया गया जिसमें बी० ए०, बी० एस० सी०, बी० कॉम, बी० सी० ए०, बी० कॉम ऑनर्स, बी० बी० ए०, बी० बी० ए० (कैम), एम० कॉम के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिन विद्यार्थियों को एनालिस्ट में रूचि है उन विद्यार्थियों ने रॉयल बैंक ऑफ़ स्कॉटलैंड में साक्षात्कार दिया जिसमें चयनित विद्यार्थियों को प्रतिमाह पंद्रह से बीस हज़ार वेतन मिलेगा और दिल्ली में नौकरी होगी। नोएडा एवं गुडगाँव के लिए एओएन हेविट कंपनी ने टीम मेंबर्स के लिए साक्षात्कार लिए जिसमें चयनित विद्यार्थियों को दो लाख प्रति वर्ष का पैकेज दिया जायेगा।

कम्प्यूटर में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए ग्राफ़िक्स एंड वेब डिजाइनिंग क्षेत्र में जॉब प्राप्त करने के लिए डिजिटल मिशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया जिनकी पोस्टिंग फरीदाबाद होगी और सालाना पैकेज डेढ़ से दो लाख रहेगा। डाटा एंट्री ओपेरटर और एच० आर० रिक्रूटर्स के क्षेत्र में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों का एक्सोटिका प्राइवेट लिमिटेड ने साक्षात्कार लिए जिनकी पोस्टिंग दिल्ली, गुडगाँव होगी व सालाना पैकेज डेढ़ से दो लाख रहेगा।

डिजिटल मार्केटिंग कॉउंसलर, टेलीकॉम के क्षेत्र में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों ने ए० जे० कॉरपरेट सर्विसेज लिमिटेड कंपनी ने साक्षात्कार लिए जिसमें डेढ़ से दो लाख सालाना पैकेज के साथ कार्यक्षेत्र फरीदाबाद रहेगा। क्लाइंट रिलेशनशिप एक्सेक्युटिव्स के लिए बजाज कैपिटल लिमिटेड कंपनी ने फरीदाबाद कार्यक्षेत्र के लिए विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए जिसमें उनको एक से डेढ़ लाख का पैकेज दिया गया।

इन सभी कंपनियों को अलग अलग स्थान दिए गए और सहायक के रूप में एन० आइ० आइ० टी० की वन्दना, चेतन और रुपिला के साथ महाविद्यालय की वाणिज्य, प्रबंधन एवं कम्प्यूटर

विभाग की नीलम, तृप्ती, नीरू, पूजा गुप्ता, अनीता, सीमा बहल प्रवक्ताएं थीं। इस जॉब फेयर में लगभग दो सौ से ढाई सौ विद्यार्थियों ने नाम दर्ज कराये जिनके इन छह कम्पिनियों द्वारा साक्षात्कार लिए जायेंगे और योग्य विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा। विद्यार्थियों ने इस पूरे जॉब फेयर में उत्साह से भाग लिया।